राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने ब्यावर जिले में अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

विकास योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक बैठे नागरिक को मिले – राज्यपाल

जयपुर, 3 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विकास योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों का लाभ अंतिम छोर तक बैठे नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने और हरेक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को ब्यावर में जिला स्तरीय बैठक में संबोधित कर रहे थे । राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए बिंदुवार उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों के अंतर्गत प्रभावी परिणाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

उन्होंने प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित करने और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धजन, एकल नारी,विशेष योग्यजन सहित अन्य जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित मिलती रहे। इसे सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में संभागीय आयुक्त श्री महेशचंद्र शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खड़गावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

————

माननीय श्री हरिभाऊ बागडे
महामहिम राज्यपाल महोदय, राज. सरकार

माननीय श्री हरिभाऊ बागडे
महामहिम राज्यपाल महोदय, राज. सरकार

माननीय श्री हरिभाऊ बागडे
महामहिम राज्यपाल महोदय, राज. सरकार